पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय हिसार छावनी, जिला-हिसार, हरियाणा-125006
Website: hissarcantt.kvs.ac.in दूरभाष–01662-221879, मो.-8171016307
E-mail: principalkvhisarcantt@gmail.com

फा.सं 1-3/केवि हिसार/2024/ **दिनांक: 19/02/2024**

तात्कालिक साक्षात्कार(वाक इन इंटरव्यू)अधिसूचना

इस विद्यालय में पूर्णत:अंशकालीन अनुबंध के आधार पर सत्र 2024-25 के लिए संविदा शिक्षको/प्रशिक्षको/अनुदेशको की चयन सूची (पैनल) तैयार करने हेतु तात्कालिक साक्षात्कार आयोजित किए जायेंगे| चयनित अभ्यर्थियों की सेवाएँ उक्त चयन सूची में से वरीयतानुसार आवश्यकता होने पर ही ली जाएगी| उक्त सभी पदों के लिए पंजीयन तथा तात्कालिक साक्षात्कार आयोजन का कार्यक्रम निम्नानुसार है -

क्र.सं.	पदनाम	साक्षात्कार दिनांक/पंजीयन
1	पीजीटी(कंप्यूटर साइंस, अंग्रेजी, हिन्दी) , टीजीटी(अंग्रेजी, हिन्दी,संस्कृत), कंप्यूटर अनुदेशक, काउंसलर(परामर्शदाता), विशेष शिक्षक(Special Educator), योगा अनुदेशक, स्पोर्ट्स कोच, स्टाफ नर्स(महिला)	28/02/2024 प्रात: 8:00 बजे
2	पीजीटी (भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र,गणित,जीव विज्ञान, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र,वाणिज्य, राजनीति शास्त्र), टीजीटी (गणित, विज्ञान,सामाजिक विज्ञान), पीआरटी, कोच-नृत्य/संगीत	29/02/2024 प्रात: 8:00 बजे

1. सभी पदों के लिए रजिस्ट्रेशन दिनांक 28 फरवरी 2024 एवं 29 फरवरी 2024 प्रातः08:00 बजे से प्रातः 09:30 बजे तक होगा| प्रात: 09:30 बजे के बाद प्रवेश मान्य नहीं होगा |
2. इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि व समय पर अपने पूर्णतः भरे हुए आवेदन-पत्र (विद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड करें), प्रमाण-पत्र, कार्यानुभव-पत्र की मूल प्रति व स्वहस्ताक्षरित छायाप्रतियों सहित उपस्थित हों |
3. आवेदन-पत्र,मानदेय,पात्रता एवं अन्य विस्तृत विवरण हेतु विद्यालय की वेबसाइट hissarcantt.kvs.ac.in देखें |
4. साक्षात्कार हेतु किसी भी प्रकार के यात्रा-व्यय का भुगतान नहीं किया जाएगा |
5. अभ्यर्थी की आयु 18 से 65 वर्ष के बीच होनी चाहिए |
6. यदि किसी भी पद के लिए अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होगी तो, लिखित परीक्षा उसी दिन दिनांक 28.02.2024/29.02.2024 को करवाई जाएगी | इसके बाद लिखित परीक्षा में अधिकतम अंक पाने वाले केवल 20 अभ्यर्थियों को ही निर्धारित तिथि को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति होगी अतः पूर्ण तैयारी के साथ आएं|
7. सर्वाधिकार सुरक्षित |

(पूनम सिंह)
प्राचार्य